भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2306

13 मार्च, 2020

"खाद्य तेलों की जमाखोरी"

2306. श्री संजय सिंह:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जमाखोरी के कारण खाद्य तेल के दामों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उन जमाखोरों के विरूद्ध क्या कदम उठाए हैं, जिन्होंने सट्टाबाजी को बढ़ावा देने के लिए भ्रामक कमी की स्थिति उत्पन्न की है; और;

(ग) क्या खाद्य तेलों की जमाखोरी की स्थिति में कोई सकारात्मक परिवर्तन आया है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री दानवे रावसाहेब दादाराव)

(क): जी नहीं, खाद्य तेलों की जमाखोरी के संबंध में अब तक किसी भी राज्य से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) और (ग): उपर्युक्त (क) की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता है।

*****